


हिन्दी दैनिक

Log on : www.adbhutsamachar.com

# अद्भुत समाचार

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष –09 अंक–224 | RNI-No. : UPHIN/2011/43806 | लखनऊ, मंगलवार, 14 जुलाई 2020 | प्रातः कालीन संस्करण | (हिन्दी दैनिक) | पृष्ठ–8 | मूल्य 1 रुपया



**कोरोना अपडेट**

**8,78,254** देश में कुल संक्रमित

**23,174** मौतें हुईं संक्रमण से देश में

**5,53,471** लोग स्वस्थ हुए अब तक

**38,103** लोग संक्रमित हैं उप्र में

**1654** मरीज मिले सोमवार को

**24203** संक्रमित ठीक हुए अब तक

**राजस्थान का सियासी संकट : सुरजेवाला ने खफा चल रहे सचिन पायलट से की बैठक में आने की अपील**

# आज फिर होगी विधायक दल की बैठक

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान में सत्ता की जोर आजमाइश थम नहीं रही है। सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस का थिंकटैंक मंगलवार को भी विधायकों की बैठक बुला रहा है। खफा चल रहे उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट से सोनिया गांधी की तरफ से भेजे गए रणदीप सुरजेवाला ने एक बार फिर बैठक में आने की अपील की है।

सोमवार को हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मीडिया सलाहकार ने बताया कि कुल 107 विधायक मौजूद रहे। वहीं गहलोत ने मीडिया के सामने अपने विधायकों की परेड कराई। बैठक में कांग्रेस के साथ साथ उसके सहयोगी दलों के विधायक भी शामिल थे। हालांकि पायलट खेमा समझौते के मूड में नहीं है। करीबियों ने यह साफ कर दिया है। साथ ही उन्होंने तंज कसा कि अगर अशोक गहलोत सरकार के पास बहुमत है तो वो विधानसभा में इसे साबित करें, अपने विधायकों को होटल क्यों भेज रहे हैं। बैठक में बीटीपी के दो, माकपा के एक, आरएलडी के एक विधायक तथा कांग्रेस का समर्थन कर रहे निर्दलीय विधायक भी मौजूद हैं। साथ ही दिल्ली से आए कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिवाश पांडे व रणदीप सुरजेवाला भी मौजूद रहे।



जयपुर में सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद विजयी चिन्ह बनाकर खुशी का इजहार करते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, रणदीप सुरजेवाला व अन्य। ● एजेंसी

### कांग्रेस का दावा बैठक में शामिल हुए 107 विधायक

सोमवार सुबह अशोक गहलोत के आवास पर विधायकों की बैठक हुई। फोटो भी सामने आई, जिसमें मुख्यमंत्री और विधायक विजयी साइन दिखा रहे थे। लेकिन, 107 में से 18 विधायक गायब रहे, जो पायलट खेमे के थे। गहलोत सरकार ने दावा किया कि बैठक में 102 विधायक पहुंचे थे। बहुमत के लिए 101 विधायक जरूरी हैं।

### राजस्थान में हम कार्यकाल पूरा करेंगे : सुरजेवाला

कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी नेता को कोई दिक्कत है वे आगे आएं और पार्टी फोरम पर इसका उल्लेख करें। हम इसे एक साथ हल करने और राज्य में अपने सरकार को बरकरार रखने के लिए काम करेंगे। मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार स्थिर है और हम पूरा कार्यकाल पूरा करेंगे। राज्य में भाजपा की कोई भी साजिश हमारी सरकार को गिराने में सफल नहीं होगी।

### सचिन पायलट के संपर्क में राहुल और प्रियंका, मनाने की कोशिशें तेज

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ खुलकर बगावत कर चुके उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को मनाने की कोशिशें की जा रही हैं और इसी क्रम में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके संपर्क में हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पायलट ने रविवार को गहलोत के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल लिया था और दावा किया था कि उनके पास 30 से अधिक विधायकों का समर्थन है और अशोक गहलोत सरकार अल्पमत में आ चुकी है।



### तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए विधायक का शव फांसी पर लटका मिला

**कोलकाता** । पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक को सोमवार को उत्तर दिनाजपुर जिले में उनके गांव में फांसी पर लटका पाया गया।

घटना हेमताबाद इलाके के बिंदाल में हुई। विधायक देवेंद्र नाथ रे 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। वह रहस्यमय तरीके से एक स्थानीय बाजार के पास अपने घर से कुछ मीटर की दूरी पर लटके पाए गए। इससे पहले, उन्हें 2016 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुना गया था। हालांकि, रे के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उनकी राजनीति से ताल्लुक रखने के कारण उनकी हत्या की गई है और इस मामले की पूरी जांच करो जाने की मांग की है।

राज्य के भाजपा नेताओं ने कहा कि लोगों का स्पष्ट मत है कि उन्हें पहले मारा गया और फिर उनके गांव में लटका दिया गया। पश्चिम बंगाल भाजपा ने ट्वीट किया कि उनका अपराध यह था कि वह 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

**एक नजर**

### हत्या के आरोपी ताहिर की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली** । दिल्ली में कड़कड़डूमा की अदालत ने गत फरवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में उत्तर पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में भड़के दंगों के समय सतर्कता ब्यूरो (आईबी) के कर्मी अंकित शर्मा की हत्या के मुख्य आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के निष्कासित पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने मामले में मुख्य आरोपी होने के कारण ताहिर की जमानत याचिका को मंजूरी देने से इंकार कर दिया।

### अनंतनाग मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

**अनंतनाग** । दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार को घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये और एक महिला घायल हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आज तड़के खुफिया सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने अनंतनाग के सरीगुफवाड़ा में संयुक्त अभियान में दो आतंकियों को मार गिराया।

### तबलीगी जमात मामले में सुनवाई 24 तक टली

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने राजधानी दिल्ली में तबलीगी जमात के कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विदेशी जमातियों को काली सूची में डाले जाने केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई 24 जुलाई तक के लिए सोमवार को टाल दी। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर सुनवाई अगले सप्ताह तक टालने का निर्णय लिया।

**देश में 8.78 लाख के करीब पहुंचा आंकड़ा**

# कोरोनाःदूसरे दिन फिर रिकॉर्ड 28,701 मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में कोरोना संक्रमण की विकरालता बढ़ती जा रही है और लगातार दूसरे दिन भी रिकॉर्ड साढ़े 28 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों का आंकड़ा 8.78 लाख के करीब पहुंच गया है।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 28,701 नए मामले सामने आये हैं जो एक दिन में सर्वाधिक है और इससे संक्रमितों की संख्या 8,78,254 हो गई है। इससे पहले रविवार को भी 28,637 मामले आये थे। वहीं पिछले 24 घंटों के 18,850 रोगी स्वस्थ हुए हैं, जिन्हें मिलाकर अब तक कुल 5,53,471 रोगमुक्त हो चुके हैं। देश में अभी कोरोना संक्रमण के

### एक दिन में सर्वाधिक 1654 नए मामले बढ़े

**लखनऊ** । सोमवार को प्रदेश में कोरोना के सर्वाधिक 1654 मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या 38,103 पहुंच गई। चिकित्सकों का कहना है कि टेस्टिंग बढ़ने की वजह से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या ज्यादा आ रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने अब तक 24203 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम कर्मी पॉजिटिव

**लखनऊ** । सोमवार को नगर निगम के अवर अभियंता में कोरोना संक्रमण मिलने से हड़कंप मच गया। गोमती नगर का दफ्तर सील कर सैनेटाइज किया जा रहा है। वहीं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में भी एक कर्मचारी संक्रमित मिलने से कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है।

### अमिताभ बच्चन के 26 स्टाफ सदस्य कोरोना निगेटिव

**मुंबई** । बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उनके 26 स्टाफ सदस्यों की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिनेता अभिषेक बच्चन को शनिवार रात कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं अभिषेक की पत्नी अभिनेत्री ऐश्वर्य राय बच्चन और उनकी बेटी आराध्या रविवार को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद होम क्वारंटीन में हैं।

# छठे साल भी लड़कियों ने मारी बाजी

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीबीएसई 12वीं परिणाम**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं परीक्षा में पिछले वर्ष की तुलना में इस साल पांच प्रतिशत अधिक उम्मीदवार पास हुए हैं और लगातार छठे साल भी छात्राओं ने बाजी मारी है।

सीबीएसई द्वारा सोमवार को जारी नतीजों में त्रिवेंद्रम क्षेत्र 97.7 प्रतिशत के साथ सबसे पहले स्थान पर रहा है जबकि पटना क्षेत्र 74 .57 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे पायदान पर रहा है। इस वर्ष 92.15 प्रतिशत छात्राएं और 86.19 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं जबकि 67.67 प्रतिशत किन्नर छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। देश के स्कूलों में जवाहर नवोदय विद्यालय 98.7 प्रतिशत नतीजों के साथ सभी स्कूलों में सबसे आगे है जबकि केंद्रीय विद्यालय संगठन 98.2 नतीजे के साथ दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय तिब्बती स्कूल के नतीजे 98.23 प्रतिशत रहे। सरकारी स्कूल के नतीजे 94 ..94 प्रतिशत और सरकारी अनुदान वाले स्कूल 91.56 प्रतिशत नतीजे के साथ है। सीबीएसई के अनुसार इस वर्ष 13109 स्कूल के 11,92,961 छात्रों ने परीक्षाएं दी जिनमें से 10,59,080 छात्र पास हुए और इस तरह इस साल 88.78 प्रतिशत नतीजे रहे जो पिछले साल की तुलना में 5.38 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष बेंगलुरू 90.05 प्रतिशत नतीजों के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि चेन्नई 96.17, दिल्ली पश्चिम 94.61, पूर्वी दिल्ली 92.24, भोपाल 90.5, पुणे 90.24 , अजमेर 87.60 , नोएडा 84.87 , देहरादून 83.22 और प्रयागराज के नतीजे 82.49 प्रतिशत रहे।

### लखनऊ की दिव्यांशी जैन ने देश में हासिल किया पहला स्थान



**600 में से 600 नंबर प्राप्त कर रचा इतिहास**

**अमृत विचार, लखनऊ** । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12 वीं परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें यूपी का परिणाम 82 .49 प्रतिशत है, सीबीएसई प्रयागराज रीजन की ओर से जारी परिणाम के मुताबिक लखनऊ से नवयुग रेडियंट कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी जैन को 100 में 100 प्रतिशत अंक मिले हैं, इसलिए वह सबसे आगे हैं। वहीं इंदिरा नग रानी लक्ष्मी बाई स्कूल आरएलबी इंदिरा नगर की श्रेया श्रीवास्तव व यश राज सिंह राठौर ने 97 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया।

### योगी ने दी सफल छात्रों को बधाई



**लखनऊ** । मुख्यमंत्री ने भी पास हुए बच्चों को बधाई दी है, उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में सफल आप सभी को बधाई। यह परीक्षाफल आपकी अध्ययनशीलता, लगन और परिश्रम का प्रतिफल है। अपनी प्रतिभा और ज्ञान से भारत का मान बढ़ाएं। जीवन की प्रत्येक परीक्षा में सफलता आपका वरण करे, मेरी शुभकामनाएं!



पटना में सोमवार को सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। ● एजेंसी

### बाबरी केस में बयान दर्ज कराने सीबीआई कोर्ट पहुंचे कल्याण सिंह

**लखनऊ** । अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के मामले में सोमवार को आरोपित पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह और धर्म सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष दुबे सीबीआई की विशेष अदालत में पेश हुए। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए। अदालत ने करीब एक हजार सवालों की सूची बनाई है, जिनके जवाब उन्हें देने होंगे।



अयोध्या ढांचा गिराए जाने के मामले में कुल 49 लोगों को आरोपित बनाया गया था। इसमें से 32 लोगों के बयान दर्ज हो रहे हैं। मीडिया के भारी जमावड़े के कारण पुलिस ने कोर्ट परिसर के दरवाजे बंद कर दिए हैं। कोर्ट पहुंचे धर्म सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष दुबे ने कहा कि ढांचा ढहाने में उनका हाथ नहीं है। लेकिन उनकी हमेशा ये चाहत रही की वहां पर एक भव्य राम मंदिर बने और इसके लिए वह काम करते रहेंगे।

**तैयारी** साधु–संतों के लिए दिल्ली में बनाई जा रही गाइडलाइन, विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को नहीं मिलेगी इजाजत

# भावनात्मक होगा इस बार का कुंभ मेला

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

कोरोना का ग्रहण कुंभ-मेला पर भी लगने जा रहा है। इसे एक वर्ष आगे बढ़ाने के सरकारी प्रस्ताव को अखाड़ा परिषद ने ठुकरा दिया है। अब यह भावनात्मक रूप से हरिद्वार में आयोजित होगा। साधु-संतों के लिए केंद्र सरकार के सख्त नियम होंगे। विदेशी श्रद्धालुओं को अनुमति नहीं मिलेगी।

निर्धारित वर्ष के हिसाब से यह कुंभ 2022 में होना था। लेकिन गुरु की तेज गति की वजह से इसका योग एक वर्ष पहले बन गया है। इसीलिए कुंभ मेला की तारीखों को लेकर विवाद चल रहा था। लेकिन अखाड़ा परिषद के सख्त रुख के कारण इसका आयोजन अगले वर्ष ही होगा। आम श्रद्धालुओं के लिए पहला प्रमुख स्नान 14 जनवरी को होगा और अखाड़ों के लिए चार शाही स्नान 11 मार्च से 27 अप्रैल तक होंगे। उक्त आयोजन के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 375 करोड़ की पहली किस्त जारी कर दी है। अब माना जा रहा है की दूसरी किस्त में कटौती होगी। उत्तराखंड सरकार ने तो पांच हजार करोड़ रुपये मांगे थे। पिछले कुंभ में उत्तराखंड को 500 करोड़ दिए थे।

**केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को कुंभ के लिए 375 करोड़ रुपये की पहली किस्त की जारी**



### लाकडाउन के चलते बजट में कटौती

केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को दिए जाने वाले कुंभ बजट में कटौती करने की सबसे बड़ी वजह निर्माण कार्य न होना बताया जा रहा है। लाकडाउन के दौरान निर्माण कार्य रोक दिए गए थे और मजदूर एवं ठेकेदार अपने अपने घरों में चले गए। अब केंद्र सरकार ने हरिद्वार में कुंभ मेला के प्रस्तावित सभी कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देश दे दिए है मगर पता चला है कि मजदूर न मिलने की वजह से निर्माण कार्य या तो बंद है या फिर उनमें तेजी नहीं आ पा रही है। अब पांच माह का समय शेष बचा है।

### आम श्रद्धालुओं का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

केरल में एक वर्ष के लिए कोरोना गाइडलाइन जारी होने के बाद गृह मंत्रालय ने बड़े आयोजनों को प्रतिबंधित कर दिया है। जिसके तहत कुंभ मेला के स्वरूप को अति सूक्ष्म बनाने का प्रारूप तैयार हो रहा है। आम श्रद्धालुओं के लिए कुंभ मेला में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा जबकि अखाड़ों एवं प्रमुख साधु–संतों के संगठनों के लिए छूट मिलेगी। जिसकी शर्तें स्वास्थ्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय, पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय मिलकर बना रहा है। जिसका क्रियान्वयन राज्य सरकार को करना होगा।

### 11 मार्च से 27 अप्रैल के बीच शाही स्नान

कुंभ मेला के प्रमुख स्नान की तारीखें 14 जनवरी, 11 फरवरी, 16 फरवरी, 27 फरवरी, 13 अप्रैल एवं 21 अप्रैल तय की गई है। जबकि शाही स्नान 11 मार्च, 12 अप्रैल, 14 अप्रैल एवं 27 अप्रैल को होंगे। शाही स्नान की इजाजत केवल अखाड़ा परिषद द्वारा तय नियमों के अनुसार विभिन्न अखाड़ों व मठों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना की वजह से इस वर्ष हज यात्रा सहित सभी धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसके चलते अगले वर्ष हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेला के आयोजन पर नए सिरे से विचार हो रहा है। यदि जनवरी तक हालात सुधार जाएंगे तब भी केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आधार पर ही इसे आयोजित किया जाएगा।

### अमरनाथ यात्रा पर रोक संबंधी याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने कोरोना महामारी के कारण इस साल वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर रोक लगाने संबंधी याचिका की सुनवाई से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की खंडपीठ ने अमरनाथ बर्फानी लंगर ऑर्गेनाइजेशन एवं अन्य की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि यात्रा का आयोजन और उसके दौरान स्वास्थ्य के लिए बरती जाने वाली सावधानियों पर फैसला लेना सरकार का काम है। ऐसा करते वक्त सभी दिशानिर्देशों का पालन हो।



# पूर्व न्यायमूर्ति पहुंचे बिकरू गांव वालों से जानी हकीकत

कानपुर, एजेंसी

राज्य सरकार द्वारा कानपुर कांड की न्यायिक जांच के लिए गठित जांच आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति शशिकांत अग्रवाल ने सोमवार की दोपहर बिकरू गांव पहुंच गए, यहां पर वह घटनास्थल का मुआयना करने के बाद ग्रामीणों से बातचीत कर हकीकत जान रहे हैं।

जस्टिस शशिकांत ने बिकरु गांव में विकास दुबे के घर के मलबे को देखा। इसके बाद उन जगहों पर गए, जहां मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों की हत्या की गई थी। अधिकारियों ने वे घर भी दिखाए जहां से 2 जुलाई की रात फायरिंग हुई थी। इसके बाद गांव वालों से बातचीत की और घटना वाली रात और विकास दुबे के अपराध की जानकारी ली। जस्टिस के हाथ में एक ब्लैक कलर की डायरी थी, जिसमें शूटआउट से जुड़ी कुछ जानकारियां वे पढ़ रहे थे।

**विकास दुबे मुठभेड़ कांड**

### अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर बीच रास्ते से लौटे

**लखनऊ** । कानपुर में पिछले दिनो आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के बाद चर्चा में आये बिकरू गांव का दौरा करने जा रहे आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर और उनकी समाजसेविका पत्नी नूतन ठाकुर को बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। नूतन ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वह और उनके पति अमिताभ पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को बिकरू गांव जा रहे थे लेकिन बीच रास्ते में उनके पति के पास पुलिस महानिदेशक कार्यालय से फोन आया जिसमें कहा गया कि वह वापस लौटें।